पोंगल

पोंगल तमिल हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह हर साल 14-15 जनवरी को मनाया जाता है। इस त्योहार को तमिलनाडु के अलावा देश के अन्य भागों श्रीलंका, मलेशिया, मॉरिशस, अमेरिका, कनाडा, सिंगापुर आदि कई स्थानों पर रहने वाले तमिलों द्वारा बड़े उत्साह से मनाया जाता है।

इस दिन तमिलनाडु में सभी सरकारी संस्थानों में छुट्टी रहती है।

पोंगल मनाने का कारण- इसे फ़सल का त्योहार और किसानों का त्योहार भी कहते हैं।इस दिन फ़सल कटकर तैयार हो जाता है, इसलिए किसान सूर्य भगवान को धन्यवाद देने के लिए पोंगल बनाकर सूर्य देवता की पूजा करते हैं।

पोंगल के चार दिन - पोंगल को चार दिन मनाया जाता है।

पहला दिन **बोगी** , दूसरा दिन **सूर्य पोंगल**, तीसरा दिन **माट्टु पोंगल** और चौथा दिन **कानुम पोंगल** कहलाता है।

इस दिन सभी लोग एक-दूसरे को मंगलमय वर्ष की शुभ कामनाएँ देते हैं।फ़सल और जीवन में रोशनी के लिए भगवान सूर्य के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।